नई दिल्ली, सोमवार
18 दिसंबर 2017
राजधानी
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 18+4=22

दैनिक जागरण

www.jagran.com
दिल्ली, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पं. बंगाल से प्रकाशित

सुखोई में लगने लगी ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल } 3
न्यायिक और शिक्षा व्यवस्था में सुधार की जरुरतः जेटली } 9

यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में अरबों रुपये के मिले निवेश के प्रस्ताव

उद्योग से लेकर संस्थागत क्षेत्र में बड़े पैमाने पर होगा रोजगार सृजन

जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडा: जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की मंजूरी के बाद यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में निवेश को लेकर दिलचस्पी बढ़ी है। प्राधिकरण को पिछले दिनों कई निवेश प्रस्ताव मिले हैं। इससे प्राधिकरण क्षेत्र में संस्थागत व औद्योगिक गतिविधियों में तेजी आना तय है।

प्राधिकरण करीब एक दर्जन प्रस्तावों को अंतिम रूप दे चुका है। प्राधिकरण क्षेत्र में टेक्सटाइल क्लस्टर में पांच हजार करोड़ रुपये निवेश का प्रस्ताव है। लेकिन सबसे बड़ा निवेश स्वास्थ्य क्षेत्र में होगा। मेडिकल विश्वविद्यालय के लिए अलग-अलग प्रस्ताव में करीब 11000 करोड़ का निवेश होगा और साढ़े सात हजार लोगों के लिए रोजगार का सृजन होगा। इसका सबसे अधिक फायदा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर होगा। मेडिकल विश्वविद्यालय स्थापित होने से लोगों के लिए उम्दा उपचार के रास्ते खुलेंगे।

इसके अलावा उद्योगों में करीब छह हजार करोड़ रुपये का निवेश होगा, जो रोजगार सृजन के लिए सबसे बड़ा जरिया बनेगा। क्षेत्र में जमीन अधिग्रहण के बाद बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है। उद्योगों के स्थापित होने से स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के मौके बढ़ेंगे। प्राधिकरण स्थानीय युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार देने वाले प्रस्तावों को प्राथमिकता का पहले ही ऐलान कर चुका है।

कंपनी	मांगी गई भूमि	रोजगार	निवेश (करोड़ में)
सोसायटी आफ नोएडा एक्सपोर्ट अपैरल एक्सपोर्ट क्लस्टर	दो सौ एकड़	पांच लाख	पांच हजार
कंट्री गार्डन होल्डिंग कंपनी लिमिटेड	2470 एकड़	–	–
यूपी कोरोगेटेड बॉक्स मैन्युफैक्चर एसोसिएशन	40 एकड़	पांच हजार	चार सौ
फ्रिम लिग्मा	पांच एकड़	250-10	
इंडो यूके इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ	150 एकड़	5000	दस हजार
यूरोपियन मेडिकल विवि एवं मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल एंड रिसर्च इंस्टीटयूट	50 एकड़	2500	700 से 1200
इंडियन इंस्टीट्यूट आफ साइंस एजूकेशन एंड रिसर्च	520 एकड़	–	–
वोल्टास	35 एकड़	500	चार सौ
लॉगचीयर	10 एकड़	600	तीन सौ
जीएल विवि	पचास एकड़	–	–

हवाई अड्डे के पास आवंटित होगी जमीन

प्राधिकरण निवेश प्रस्तावों को लेकर सकारात्मक है। प्राधिकरण की औद्योगिक भूखंड योजना इसी सप्ताह आएगी। इन योजनाओं के तहत जमीन आवंटन होगा। जिन सेक्टरों में जमीन आवंटन होगा, वह प्रस्तावित जेवर हवाई अड्डे से नजदीक है। इसका सीधा फायदा निवेशकों को मिलेगा। उन्हें बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी।

प्राधिकरण क्षेत्र में निवेश के कई प्रस्ताव आ चुके हैं। निवेश से औद्योगिक व संस्थागत गतिविधियां तेज होंगी। रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

डा. अरुणवीर सिंह, सीईओ यमुना प्राधिकरण